बरेली, गुरुवार
25 जनवरी 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

PAGE NO. 18 : TOP MIDDLE

इस साल से इंजीनियरिंग के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य

नई दिल्ली, प्रेट्र : इंजीनियरिंग के छात्र इस साल से किताबों के अलावा प्रैक्टिकल और फील्ड विजिट कर अनुभव हासिल करने में भी समय देंगे। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआइसीटीई) ने इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए मॉडल पाठ्यक्रम जारी किया है। इसमें इस बात का पूरा ख्याल रखा गया है कि छात्र समाज की जरूरतों को समझें और व्यवहारिक ज्ञान भी हासिल करें। मॉडल पाठ्यक्रम इसी साल से लागू होगा। एआइसीटीई चेयरमैन अनिल डी. सहस्रबुद्धे ने कहा कि इससे छात्रों को प्रैक्टिकल का और अनुभव हासिल करने का ज्यादा मौका मिलेगा। मॉडल पाठ्यक्रम में सभी छात्रों के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य की गई है। दूसरे सेमेस्टर के बाद समर वेकेशन में 4-6 हफ्ते की प्रैक्टिकल ट्रेनिंग होगी। चौथे सेमेस्टर के बाद समर वेकेशन में भी 4-6 हफ्ते की इंटर्नशिप होगी जो इंडस्ट्री, सरकारी या गैर सरकारी संस्थानों के साथ हो सकती है। छठे सेमेस्टर के बाद समर वेकेशन में 6-8 हफ्तों की इंटर्निशिप होगी, जिसमें प्रोजेक्ट वर्क भी करना होगा। यह फुलटाइम भी हो सकती है और पार्टटाइम भी। एक क्रेडिट 40-45 घंटे काम का होगा। प्रोजेक्ट वर्क, उच्च संस्थानों के साथ ट्रेनिंग, सरकारी, गैरसरकारी, स्टार्टअप या एमएसएमई के साथ इंटर्नशिप, एक्स्ट्रा करिक्युलम एक्टिविटी, वॉलनटिअरी कम्युनिटी सर्विस, कांफ्रेंस, वर्कशॉप और कॉम्पिटिशन में भागीदारी, इंस्टिट्यूट की इनोवेशन सेल में भागीदारी और रिसर्च प्रोजेक्ट को भी अनिवार्य किया गया है।